हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

11 पीपराहीभर्री में बने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का संयुक्त सचिव ने किया ...



12 शरीर में सुख-दुख की अनुभूति खोजने वाला अज्ञानी होता है : प्रशम सागर



[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

कम्पटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc BCA B.Com PGDCA DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रात: 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

## खबर संक्षेप

### प्रार्थना सभा के विरोध के दौरान हंगामा

- अर्जुनी थाना पहुंचकर लोगों ने की हंगामा करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**धमतरी।** ग्राम गोपालपुरी में चल रही एक प्रार्थना सभा का हिन्दू संगठनों ने विरोध किया। इस दौरान खूब हंगामा भी हुआ। एक व्यक्ति को चोट भी आई है, जिसका इलाज अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को हिन्दू संगठन के युवा ग्राम गोपालपुरी पहुंचे, जहां पर एक मकान में प्रार्थना सभा चल रही थी। हिन्दू संगठन के युवाओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान झूमाझटकी भी हुई, जिसमें एक व्यक्ति के घायल होने की खबर है। उसका इलाज अस्पताल में जारी है। विवाद बढ़ा तो बड़ी संख्या में लोग अर्जुनी थाना पहुंचे और हंगामा करने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

रविवार को 5 हजार से अधिक सैलानियों ने उठाया लुत्फ

# सावन शुरु होते ही गंगरेल पर्यटन हुआ गुलजार





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सावन महीने के साथ गंगरेल के धार्मिक एवं टूरिस्ट पर्यटन में बूम आ गया है। रविवार को आदि शक्ति मां अंगारमोती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। वाटर स्पोर्ट्स में जेस्की, स्पीड बोट फर्राटे भरते रहे। बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट छग तथा अन्य प्रदेश के सैलानी से हाउसफुल है।

सावन का पवित्र माह शुरू होते ही गंगरेल का धार्मिक पर्यटन गुलजार हो गया है। सावन माह में मां अंगारमोती माता के दर्शन के लिए महिला-पुरूष की अलग-अलग कतारें लगी रहीं। देवी दर्शन के लिए पहुंचे कुरूद की शिवानी साहू, देहुति साहू, बालोद निवासी परमदेव वैष्णव, अभिषेक निषाद ने बताया कि माता दर्शन के साथ गंगरेल पर्यटन के लिए आए हैं। मां अंगारमोती के दर्शन के लिए करीब 1 घंटा का समय लगा। फिर वे गंगरेल बांध के किनारे पहुंचे जहां प्राकृतिक नजारा देखकर दिल गदगद हो गया। उन्होंने बताया कि बांध अभी लबालब नहीं हुआ है। हनुमान मंदिर से पहले 15-20 मीटर की दूरी तक पानी आ गया है। गंगरेल भरने पर हनुमानजी के सीने तक जलभराव होता है। माता के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि सावन माह में विशेष मन्नत पूजा पर ब्रेक लग जाता है। इस माह के पहले रविवार को देवी दर्शन के लिए हजारों सैलानी पहुंचे थे। पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने माता से आशीष मांगा।

### हाउसफुल चल रहे हैं रिसोर्ट

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के प्रभारी श्री राय ने कहा कि शनिवार-रविवार को रिसोर्ट के सभी वुडन कॉटेज तथा पाली टेंट हाउसफुल थे। उड़ीसा, महाराष्ट्र, बंगाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे सैलानियों ने गंगरेल पर्यटन का भरपूर इंज्वाय किया। रिसोर्ट स्थित रेस्टोरेंट का खाना लोगों को खूब पसंद आ रहा है।

### मिनी गोवा में वाटर स्पोर्ट्स का रोमांच




वाटर स्पोर्ट्स के प्रभारी असकंध सिंह ने बताया कि गर्मी के बाद यह पहला रविवार है जिसमें सैलानियों का बूम आया। करीब 5 हजार पर्यटकों ने गंगरेल पर्यटन का लुत्फ उठाया। सुबह से देर शाम तक वाटर स्पोर्ट्स करने वालों की कतार लगी रही। पर्यटकों को वाटर स्पोर्ट्स के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने तैराक भी तैनात किए हैं। उन्होंने बताया कि अब गंगरेल पर्यटन का सीजन शुरू हो गया है।

### गेट खुलने से पहले व्यू पाइंट शांत



गंगरेल बांध में 52 फीसदी जलभराव है। बांध को लबालब होने में 12 टीएमसी पानी की आवश्यकता है। इसके लिए कैचमेंट एरिया में करीब 500 मिमी बारिश की जरूरत है। गत दिनों पर्याप्त बारिश होने से बांध से पानी की निकासी बंद है। गंगरेल बांध का गेट खुलने पर इसे देखने सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ती है लेकिन गेट खुलने से पहले यहां का व्यू पाइंट एकदम शांत है।

### पर्यटन स्थलों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम





- बारिश में बढ़ी रौनक सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे नगर सेना के जवान

जिले में बारिश की शुरुआत होते ही पर्यटन स्थल गंगरेल, माड़मसिल्ली, नरहरा और रुद्री बरॉज जैसे प्रमुख स्थलों में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। प्राकृतिक सौंदर्य से सराबोर इन स्थानों में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके मद्देनजर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर इन पर्यटन स्थलों में किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अनहोनी से बचाव हेतु नगर सेना के प्रशक्षिति जवानों को तैनात किया गया है। ये जवान पर्यटकों को जल क्षेत्र से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, सतर्कता बरतने एवं आपात स्थिति में त्वरित बचाव कार्य हेतु लगातार निगरानी कर रहे हैं। कलेक्टर ने बताया कि शनिवार, रविवार अवकाश के दिनों में नगर सेना के जवान इन स्थानों पर मौजूद रहेंगे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिलेवासियों और पर्यटकों से अपील की है कि वे इन स्थलों पर भ्रमण करते समय पूरी सावधानी रखें, तैनात जवानों के निर्देशों का पालन करें और विशेष रूप से बच्चों पर सतत निगरानी रखें।

# किसानों को डीएपी की जगह नैनो डीएपी रास नहीं आ रही

- समितियों में किसानों को थमाई जा रही लिक्विड खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



डीएपी की किल्लत से निबटने के लिए समितियों में किसानों को नैनो डीएपी और नैनो यूरिया थमाई जा रही है, परंतु किसान इससे संतुष्ट नहीं है। किसानों ने बताया कि पहले भी वे नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का इस्तेमाल कर चुके हैं। यह खाद दानेदार डीएपी और यूरिया खाद की जरूरत को पूरी नहीं कर सकती है।

जिले की सहकारी साख समितियों में डीएपी और एनपीके खाद की कमी है। इन समितियों में किसानों को थोड़ी- थोड़ी मात्रा में खाद दी जा रही है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि समितियों से डीएपी और एनपीके के साथ लादन स्वरूप नैनो डीएपी और यूरिया थमाई जा रही है। किसान कौशल साहू, यादराम साहू, ताराचंद सिन्हा ने बताया कि नैनो डीएपी और यूरिया को खेतों में स्प्रे किया जाता है। यह जड़ों से नहीं बल्कि पौधों को पत्तियों और तने के माध्यम से पोषण देती है। किसानों ने बताया कि वे पहले भी इस खाद का इस्तेमाल कर चुके हैं जिसका रिजल्ट अच्छा है। इसके बाद भी यह दानेदार डीएपी और यूरिया का विकल्प नहीं बन सकता है, क्योंकि पौधों को जितनी मात्रा में पोषण की जरूरत है, वह नैनो यूरिया और डीएपी से नहीं दिया जा सकता है।

### मिलता है जल्द रिजल्ट

कृषि विशेषज्ञों की माने तो नैनो तकनीक से बनाई गई यह खाद जल्दी रिजल्ट देती है। जहां दानेदार खाद को काम करने में सप्ताह भर का समय लगता है, वहीं नैनो खाद तत्काल ही असर दिखाना शुरू कर देता है। इस तरल खाद में छोटे-छोटे कण के रूप में पोषक तत्व होते हैं, जिसे पौधे स्टोमेटा (रंध्र) के माध्यम से अवशोषित कर लेते हैं। स्टोमेटा पौधों की पत्तियों और तनों की सतह पर मौजूद छोटे-छोटे छिद्र होते हैं। ये छिद्र पौधों के श्वसन और वाष्पोत्सर्जन का काम करते हैं।

### दुकानों में अधिक कीमत पर बिक रही खाद

डीएपी, यूरिया सहित अन्य खाद कृषि केंद्रों में काफी महंगी बिक रही है। जानकारी के अनुसार ढाई सौ रुपए बोरी बिकने वाली यूरिया खाद दुकानों में चार सौ रुपए से ज्यादा में बिक रही है। यही स्थिति डीएपी की है। यह समितियों में 1350 रुपए में बिक रही है। वहीं दुकानों में इसे 1700 रुपए तक बेची जा रही है। कुछ दुकानों में मूल्य कम है, परंतु वहां पर किसानों को लादन थमाया जा रहा है।

शिविर में 450 टेपनलों से लिए गए सैंपल की हुई जांच

# वार्डों से लिया गया पानी का सैंपल जांच में पीने लायक पाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम क्षेत्र के सभी 40 वार्डों से निगम कर्मचारी व नागरिकों द्वारा टेपनलों से 450 पानी का सेंपल शिविर में जांच के लिए लाया गया। जांच में पानी का सभी सेंपल पीने लायक पाया गया। पानी बैक्टीरिया रहित निकला।

जल सभापति अखिलेश सोनकर ने बताया कि शहर में पेयजल की आपूर्ति वाटर ट्रीटमेंट प्लांट द्वारा की जाती है। इसके अलावा पावर पंप, नलकूप के माध्यम से पेजयल की आपूर्ति होती है। पेयजल वितरित करते समय यह खास ख्याल रखा जाता है कि पानी पीने लायक हो। पानी सप्लाई से पहले पूरी तरह जांच की जाती है। शुद्धिकरण प्लांट में पानी को शुद्ध किया जाता है। पानी को बैक्टीरिया रहित बनाकर वितरित किया जाता है ताकि नागरिकों का स्वास्थ्य अच्छा रहे। फिर भी कुछ वार्डों में दूषित जल सप्लाई की शिकायत आई थी जिसे ध्यान में रखकर लैब के माध्यम से जांच करवाई गई। लैब में पानी पूर्णतः शुद्ध पाया गया। इसके बाद सभी 40 वार्डों के 450 टेपनलों से पानी का सेंपल मंगाकर शिविर में जांच की गई। पानी बैक्टीरिया रहित पाया गया। पानी की जांच निःशुल्क रखी गई है। टीडीएस बैक्टीरिया की जांच के अलावा कलर, एचपी मान, क्लोरीन की मात्रा, खनिज, लवण आदि की जांच होती है। पानी बीआईएसएस मानक के अनुसार हो तो पीने लायक होता है। निगम क्षेत्र का पानी पीने लायक है। इसकी पुष्टि जांच में हो गई है।

# हाईटेक नए बस स्टैंड की आकर्षक डिजाइन तैयार, टेंडर के तुरंत बाद काम शुरु होगा

- पानी, बिजली, सुलभ, फीडिंग रूम, डिस्पले बोर्ड, बाथरूम, वाईफाई जोन की सुविधा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





ग्राम खपरी में हाईटेक नए बस स्टैंड के लिए 18 करोड़ रुपए की स्वीकृति के बाद नगर निगम ने बस स्टैंड की आकर्षक डिजाइन तैयार करवा ली है। टेंडर के बाद डिजाइन पर आधारित ढांचा के अनुरूप बस स्टैंड बनाया जाएगा। बता दें कि बस स्टैंड नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग है। वाहनों के काफिले को देखते हुए लोगों ने शहर से बाहर अत्याधुनिक बस स्टैंड की मांग रखी थी। महापौर निर्वाचित होने के बाद रामू रोहरा के प्रयास से खपरी में जमीन के साथ एनओसी भी मिल गई। प्रस्ताव भेजने के तत्काल बाद 18 करोड़ की स्वीकृति भी मिली। स्वीकृति के बाद टेंडर खुलने से वर्क भी चालू हो जाएगा। महापौर ने कहा कि टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। निविदा खुलने के बाद वर्क आर्डर जारी होगा। काम भी जल्द पूरा होगा। श्री रोहरा ने कहा कि आर्किटेक्टों ने डिजाइन तैयार कर ली है। उसी बेस पर बस स्टैंड बनेगा। धमतरीवासियों का 20 साल पुराना सपना साकार होने जा रहा है। बस स्टैंड के लिए भूमिपूजन शीघ्र किया जाएगा। बस स्टैंड की डिजाइन फाइनल है, जिसकी क्लिपिंग निगम की ओर से जारी की गई है। इसमें बसस्टैंड का स्वरूप दर्शाया गया है। यहां यात्री प्रतीक्षालय, पेयजल की सुविधा, बिजली, शौचालय, रेस्ट रूम, फीडिंग रूम, डिस्पले बोर्ड, बाथरूम, हैंडवाश स्टैंड, सीसी कैमरा, वाईफाई जोन, कैंटिन दुकानें, बस खड़ी करने का नियत स्थान, पार्किंग, जिकजैग आदि की सुविधाएं रहेंगी।

इतवारी बाजार अपडेट : सेमी, मुनगा, गोभी, शिमला मिर्च सौ रूपए किलो

# हरी सब्जियों की आवक बढ़ी, फिर भी दाम आसमान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बारिश में सब्जियों का बंपर उत्पादन और आवक के बाद भी चिल्हर बाजारों में हरी सब्जियों के दाम चढ़े हुए हैं, जिसकी वजह से उपभोक्ता परेशान हैं। किचन का बजट बढ़ गया है। इधर सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि सीजनेबल सब्जियों की मांग अधिक है इसलिए रेट कम नहीं हो रहे हैं। वहीं ग्राहकों का कहना है कि फुटकर विक्रेता मौके का फायदा उठाकर अधिक दाम पर सब्जी बेच रहे हैं। उनका कहना है कि थोक के मूल्य के बराबर चिल्हर का रेट 2 से 3 गुना अधिक है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि बारिश में सब्जी जल्दी खराब हो जाती है। छटाई में 30 प्रतिशत सब्जी खराब निकलती है इसलिए रेट बनाकर बेचते हैं।

सब्जी विक्रेता केशलाल सोनकर बताते हैं कि रविवार को सब्जी की भरपूर आवक रही। मांग अधिक होने से रेट नहीं उतर रहा है। रविवार को खेखसी 200-300 रुपए किलो रहा। मौसमी फुटु 1000 रूपए किलो बिका। बोड़ा 400 रुपए किलो रहा। सेमी, शिमला मिर्च, हरी मिर्च, मुनगा, गोभी जैसी सब्जियां 100 रुपए किलो बिकी। बरबट्टी, ग्वारफली, ढेंस 80 रुपए किलो रहा। करेला, तोरई, कोचई, हरा धनिया 60 रुपए किलो बिका। भिंडी, परवल, कटहल 50 रुपए किलो रहा। भटा, गाजर, कुंदरू, टमाटर, केला, पत्तागोभी, डोड़का, मूली 40 रुपए किलो बिका। कुम्हड़ा 30 तो लौकी 20 रुपए किलो रही।

### दालों में आई मंदी

बारिश में दलहन का रेट कम हो गया है। सभी प्रकार की दाल का रेट फुटकर बाजार में 10 से 20 रुपए कम हो गया है। 150-200 रुपए किलो बिकने वाली अरहर दाल बेस्ट 110 रूपए हो गई है। चना दाल 85, मटर 60, हरा मटर 110, काबुली चना 80-100, चना देशी 70, खड़ा मसूर 80, मसूरदाल 85, उड़ददाल 85, मूंगदाल 100 रुपए किलो है जो 6 माह पहले 100 से 120 रुपए किलो बिकती थी। इस सप्ताह आलू-प्याज 25-25 रुपए किलो बिका। शक्कर 45, गुड़ 55, हल्दी खड़ी 180-200, मिर्च खड़ी 170-300, धनिया 100-120, जीरा 260, काली मिर्च 850, लहसुन 100-120, रिफाइंड तेल सोयाबीन 125 पाउच, सरसो 75, मेथी 85 रूपए किलो तथा अंडा 75 रुपए दर्जन है।

# मुरूम खदान में नहाने गया अधेड़ लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



काफी गहराई तक पानी से भरी मुरूम खदान में नहाने गया एक अधेड़ लापता हो गया है। पानी में डूबने की आशंका के चलते उसकी खोजबीन की जा रही है। सुबह से खोजबीन जारी है, लेकिन अब तक उसका पता नहीं चला है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अछोटा राजीव नगर निवासी दुर्गा प्रसाद देवांगन 56 साल नहाने के लिए सुबह 6 बजे भोयना और शकरवारा के बीच एक मुरूम खदान में गया हुआ था। वह रोज वहां नहाने के लिए जाता था और कुछ देर में लौट आता था लेकिन रविवार को वह नहीं लौटा। इससे परिजनों की चिंता बढ़ गई और उसकी खोजबीन शुरू कर दी। डूबने की आशंका के चलते खदान में तैराकों के माध्यम से खोजबीन कराई गई, पर अभी तक वह लापता है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान युवक की अस्पताल में हुई मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 18 वर्षीय निखिल आंचला की इलाज के दौरान 18 मार्च को रायपुर के अस्पताल में मौत हो गई। थाना मोहदापारा रायपुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नो-पार्किंग में खड़े वाहनों से दुर्घटना की संभावना बढ़ी

**जगदलपुर।** संभागीय मुख्यालय से सटी सरगीपाल बायपास सड़क में दोनों ओर किनारे ट्रक खड़े रहने से वाहनों को जाने-आने के लिए जगह नहीं रहती, जिससे हमेशा दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। इसकी सूचना पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता की टीम ने कई बार नो-पार्किंग वाहनों के खिलाफ जुर्माना कार्रवाई की। उसके बाद भी वाहन चालकों एवं मालिकों ध्यान नहीं है। इस बार उड़नदस्ता की ओर से नो-पार्किंग वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा, जिसमें एक बार से अधिक जुर्माना होने के बाद भी नो-पार्किंग में वाहन खड़ा रखने वाले वाहनों को जब्त कर कोर्ट भेजा जाएगा। इसके लिए सरगीपाल बायपास, आनंद ढाबा से लालबाग तक, गीदम रोड में उड़नदस्ता की टीम पहुंचकर कार्रवाई करेगी और टैक्स बकायादार वाहनों पर सख्ती करेगी। परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनिल घरडे ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले वाहनों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व विधायक रेखचंद कांग्रेस को जिताने लगा रहे जोर

**जगदलपुर।** पूर्व विधायक एवं एआईसीसी पर्यवेक्षक रेखचंद जैन ने शनिवार को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम से मुलाकात की। राम ने स्वागत कांग्रेस का गमछा पहनाकर किया। उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिये संगठन सबंधी चर्चा की। भेंट के दौरान जैन के साथ बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव विजय सिंह व बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। विधायक ने उन्हें सौंपे गए दायित्व को निभाते हुए कांग्रेस के पक्ष में प्रचार प्रसार कर पार्टी प्रत्याशी को जिताने जोर लगा रहे है।

### टमाटर 25 रुपए तो फूलगोभी 100 रुपए किलो में बिक रही

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को फुटू 100 रुपए जूड़ी एवं बोड़ा 100 रुपए सोली में बिका है। साथ ही लोकल टमाटर नहीं आने से बैंगलोर के टमाटर रोज 4 ट्रक शहर में पहुंच रहा है, जिसके चलते टमाटर महंगा हो गया है। बाजार में टमाटर 25, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 50, भिंडी 60, आलू 30, प्याज 30-40, अदरक 180, लहसून 250, पालकभाजी 80 एवं धनियापत्ती 200 रुपए किलो में बिक रहा है।

### रैली के माध्यम से बच्चों ने दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

**सुकमा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शुक्रवार को छिंदगढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कन्या पोटाकेबिन बालाटिकरा में बालिकाओं को जनसंख्या नियंत्रण एवं बालिकाओं के जन्म, उनका संरक्षण एवं सशक्तिकरण से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया।


**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी तनु श्री गवेल)**

भरत मगर ...वादी

बनाम

आम जनता वगैरह ...प्रतिवादीगण

व्य.वाद क्र. 100अ/2025, पेशी तारीख 05.08.2025
आदेश दिनांक 07.07.2025, प्रो.क्र. 907/25,

**आमसूचना/ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है, वादी भरत मगर उम्र 59 वर्ष, पिता मोहन राव मगर जाति मराठा वर्तमान निवासी मकान नम्बर 24/402, वर्धा रोड़, सावित्री निवास अपार्टमेंट न्यू स्नेह नगर, विवेकानन्द नगर नागपुर (महाराष्ट्र) मूल निवास ग्राम टिपानी, तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग) में स्थित सम्पूर्ण भूमि में भागवत मगर पिता मोहन राव मगर लिखा हुआ है, उसके स्थान पर वादी का वास्तवित नाम भरत मगर पिता मोहन राव मगर लिखा जाना है, इस हेतु अपना नाम ग्राम टिपानी में स्थित कृषि भूमि में भरत नगर पिता मोहन राव मगर किये जाने हेतु माननीय न्यायालय में घोषणा का वाद लाकर उक्त भूमि पर मालिक व स्वामी घोषित किये जाने हेतु यह वाद लाया गया है।

अतः उपरोक्त वाद के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म शासकीय एवं अर्धशासकीय निकाय, कोई रिश्तेदार, आमजनता को कोई भी उजर दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन में दिये गये, पेशी दिनांक 05/08/2025 को (किसी कारण वश शासकीय या सार्वजनिक अवकाश घोषित की जाती है, तो अवकाश रहा तो आगामी तिथि या कार्य दिवस को) स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से लिखित आपत्ति पेश कर सकते है, नियत पेशी तारीख के पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

श्रीमती तनु श्री गवेल
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)


मरम्मत के नाम पर खर्च हुए लाखों रुपये, मगर स्कूलों की हालत जस की तस

# छात्रों के सिर पर टपकती छत, दीवारों में दरार शिक्षा नहीं जर्जरता का पाठ पढ़ा रहे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





शिक्षा कर मंदिर अब जर्जर दीवारों और टपकती छतों के बीच संघर्ष का केंद्र बन चुका हैं। नगरी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक कन्या शिक्षा परिसर दुगली एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर दुगली की हालत ऐसी है, मानो वर्षों से इन्हें देखना प्रशासन ने छोड़ दिया हो। लगातार बारिश से स्कूलों की छतें टपक रही हैं, दीवारें दरक रही हैं और छतों से प्लास्टर गिर रहा है। स्कूल भवनों की यह स्थिति न केवल बच्चों की पढ़ाई में बाधक है, बल्कि एक दिन कोई बड़ा हादसा हो जाए, इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

यहां पहली से लेकर बारहवीं तक की कक्षाएं एक ही परिसर में संचालित हो रही हैं। कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं की छात्राओं ने बताया कि छत से पानी टपकता है, किताबें और कॉपियां भीग जाती हैं, वहीं खिड़कियां गिर चुकी हैं और प्लास्टर भी टूटकर सिर पर गिरने की आशंका बनी रहती है। आखिर हम पढ़ाई करें या खुद को बचाएं।

#### दिखावे की मरम्मत

विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य पूर्णिमा सोम बताती हैं कि मरम्मत की मांग को लेकर बीते वर्षों में कई बार विभाग को पत्र लिखा गया। पिछली बार जो मामूली राशि मरम्मत के नाम पर मिली थी, उससे कुछ वर्गों में सतही काम कर खानापूर्ति कर दी गई, लेकिन वास्तविक समस्या जस की तस बनी रही। अब लगातार हो रही बारिश ने भवन की कमजोरी को और उजागर कर दिया है।

#### शासन को जानकारी अनहोनी का इंतजार

शाला विकास समिति के अध्यक्ष आशाराम वट्टी ने बताया कि शासन-प्रशासन को आवेदन के माध्यम से कई बार अवगत कराया गया है। सुशासन तिहार शिविर में भी पूरी रिपोर्ट मरम्मत की मांग सौंपी थी। विभाग के अफसरों को फोन, पत्र और प्रत्यक्ष रूप से जानकारी दी गई, फिर भी आज तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। क्या शासन किसी बड़ी अनहोनी के बाद ही जागेगा।

#### करोड़ों रुपये का मरम्मत बजट लेकिन धरातल पर स्थिति 'ढहती हुई'

यह सबसे हैरानी की बात है कि जिले में हर वर्ष स्कूल मरम्मत के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। कागजों में स्कूलों की रंगाई-पुताई, प्लास्टरिंग, छत की मरम्मत और क्लासरूम की साज-सज्जा हो चुकी होती है, लेकिन ज़मीनी सच्चाई इतनी भयावह है कि छात्र-छात्राएं हर रोज जान जोखिम में डालकर कक्षाएं अटेंड कर रहे हैं। प्रश्न उठता है कि यदि करोड़ों रुपये मरम्मत में खर्च हो रहे हैं, तो फिर ये जर्जर दीवारें और टपकती छतें किसकी जवाबदेही हैं?

#### जमीनी हकीकत में दम घुट रहा है

जहां एक ओर सरकार शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने की बात करती है, डिजिटल क्लास और स्मार्ट स्कूलों के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर दुगली जैसे विद्यालयों में छात्राओं को गीली जमीन पर बैठकर, सिर पर प्लास्टिक की थैली रखकर पढ़ाई करनी पड़ रही है।

#### क्या यही है नई शिक्षा नीति की असल तस्वीर

छात्रों ने प्रशासन से निवेदन नहीं, सख्त सवाल किया है कि आखिर बच्चों की जान को दांव पर लगाकर किस विकास की बात की जा रही है? मरम्मत के नाम पर खर्च की गई राशि की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जिन अधिकारियों की लापरवाही से ये हालत बनी, उन्हें उत्तरदायी ठहराया जाए। वरना वह दिन दूर नहीं जब किसी मासूम छात्र का खून प्रशासन की इस चुप्पी पर सवाल बनकर उभरेगा।

### गुरुजनों का आशीर्वाद लेकर मनाई गुरु पूर्णिमा

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। सरस्वती माता की आरती कर पुष्प वर्षा की गई। इस पर्व में बच्चों ने सभी गुरुजनों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विद्यालय में पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, एल सोन, एम ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### राजपुर में कबड्डी 27 को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों एवं जय मार्या नव युवक कबड्डी दल के तत्वावधान में एक दिवसीय राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 27 जुलाई को आयोजित की गई है। प्रथम पुरस्कार 20001 रूपये, द्वितीय 13001 रूपये, तृतीय 6001 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपये है। इसके अलावा बेस्ट रेडर, डिफेंडर, ऑलराउंडर को 1000 रूपये व प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 351 रूपये है। प्रतियोगिता की तैयारी में डोमन यादव, हरिशंकर, तेजेश्वर कंवर, पंकज सिन्हा जुटे हैं।

## मितानिन दीदियों को मिली दवा पेटी

- अपने जन्मदिन पर नपं अध्यक्ष ने तीन माह के मानदेय से बांटी पेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



लोग अपने जन्मदिन को अलग-अलग अंदाज में मनाते हैं। कोई केक काटकर तो कोई मिठाई बांटकर। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा की पहचान सेवक के रूप में है। उन्होंने अपना जन्मदिन मितानिन दीदियों के साथ मनाया। हर वार्ड में लोगों की स्वास्थ्य की सेवा में लगी मितानिन दीदियों को नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने जन्मदिन पर दवाई पेटी प्रदान कर उनका आशीर्वाद लिया। दवाई पेटी प्राप्त कर रही मितानिन दीदियों के चेहरे पर दिख रही मुस्कान ने बता दिया कि वे नगर पंचायत अध्यक्ष के इस उपहार से कितने खुश थे। अब मितानिन दीदियों को बरसात और ठंड के दिनों में लोगों की जरूरत की दवाइयों को सुरक्षित रखने की समस्या नहीं आएगी। अपने तीन माह के मानदेय का हिस्सा प्रदान कर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा द्वारा दिये गए उपहार को मितानिनों ने अमूल्य बताया और सहर्षता से अपने सेवा कार्य में जुट गई।

अपने जन्मदिवस पर विभिन्न कार्यक्रम में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि यह दिन मेरे लिए यादगार बन गया जब मितानिन दीदियों का भरपूर आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि हर वार्ड के लोगों का आशीर्वाद मुझे मिलेगा यही मेरे जन्मदिन का सबसे बड़ा तोहफा है। उन्होंने कहा कि जनता का सेवक बनकर कार्य करना ही उनका मकसद है। लोगों की छोटी से छोटी समस्याओं के प्रति सजगता से वे और उनके सभी पार्षद कार्य कर रहे हैं। नगर विकास के बड़े कार्यों के लिए उनका निरंतर प्रयास जारी है लेकिन छोटी छोटी समस्याओं का निराकरण त्वरित करने में पूरी नगर पंचायत की टीम जुटी हुई है।

कार्यक्रम में विकास बोहरा उपाध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, सभापति अश्वनी निषाद, शंकर देव, विनीत कोठारी, पार्षद राजा पवार, देवचरण ध्रुव, मिकी गुप्ता, जयंती टुकेश्वरी साहू, डागेश्वरी साहू, आसकरण पटेल, हरीश साहू, भाजपा मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, हिमांशु कोसरे उपस्थित थे।

## गुरु को याद करने का पर्व है गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)



शाउमावि पचपेड़ी में प्राचार्य के निर्देशन एवं एनएसएस इकाई के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया। कक्षा बारहवीं की छात्राओं दामिनी, सानिया, लक्ष्मी एवं मोनिका ने गुरु महिमा पर अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य रविंद्र कोसरे ने गुरु को कुम्हार और शिष्य को घड़ा बताते हुए कहा कि जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी को विभिन्न आकार में बदलकर उसे उपयोगी स्वरूप देता है, ठीक उसी प्रकार गुरु भी अपने शिष्य को ज्ञान से अलंकृत करके उसे सार्थक स्वरूप प्रदान करता है। वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू एवं हरिश्चंद्र पटेल ने कहा कि बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना असंभव है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा ने गुरु के महत्व को दोहे के रूप में व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा लिनिमा वैष्णव कक्षा बारहवीं ने किया।

## मेडिकल रिलीफ फंड से किया आर्थिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



संयुक्त शिक्षक कल्याण समिति कुरूद द्वारा मेडिकल रिलीफ फंड से पंजीकृत सदस्य भुनेश्वर साहू शिक्षक माशाला कन्हारपुरी के लंबे समय से अस्वस्थ होने पर तीस हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। वहीं सीताराम साहू शिक्षक माशाला तर्रागोंदी के आश्रित की अस्वस्थता के कारण पंद्रह हजार रूपए का सहयोग दिया गया। इस अवसर पर कुलेश्वर सिन्हा बीआरसीसी कुरूद, संयुक्त शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष हुमन चंद्राकर, मेडिकल रिलीफ फंड के अध्यक्ष पुरूषोतम निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष मनीषदेव वर्मा, मिथिलेश कंवर, द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, पारस कुमार यादव, उपाध्यक्ष हरीश निर्मलकर, चैन सिंह साहू, रोमन रात्रे, हेमलाल साहू, योगेंद्र चंद्राकर, डिगेंद्र कंवर, सतीश कुमार, साहू, योगेंद्र पटेल, छत्रसेन साहू, भेसज साहू, भावना द्विवेदी, पारेश्वरी साहू, ऊषा साहू, चमेली कंवर आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## अभाविप के स्थापना दिवस पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई मगरलोड द्वारा संगठन के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 12 जुलाई को नगर में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा संपूर्ण नगर का भ्रमण करते हुए भारत माता के जयकारों से गूंज उठी। जगह-जगह पर नागरिकों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति का परिचय देते हुए भारतमाता के प्रति सम्मान और संगठन की प्रेरणा को जन-जन तक पहुंचाया।

इस आयोजन में नगर अध्यक्ष उमाशंकर साहू, नगर सहमंत्री भूपेंद्र चेलक, विभाग संगठन मंत्री शिवशंकर प्रजापति, विभाग संयोजक अभिषेक पांडे, जिला संयोजक गजेन्द्र जांगड़े, हितेश लहरे, जय साहू, कमलेश सेन, नेपाल साहू, उमेश्वर साहू, चेस्ट कुमार, भूमिका साहू, कुणाल सोनी, वासुदेव साहू, ख़ूबचंद साहू कुलेश्वर सहित अन्य उपस्थित थे।

## आमाचानी स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम आमाचानी की शासकीय प्राथमिक शाला में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सभी बच्चों का गुलाल वंदन के साथ स्वागत किया। मुंह मीठा कराया। अतिथियों एवं पालकों ने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। बच्चों को पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश प्रदान किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष घनश्याम साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक लीलूदास मानिकपुरी, ग्रामीण कोषाध्यक्ष हीरासिंग सेन, उपसरपंच यागेश्वर कंवर, चम्मन लाल साहू, गौकरण साहू, चित्रसेन साहू, खेमंत साहू, राधेश्याम साहू सहित प्रधानपाठक श्रीमती खेलन ध्रुव, शिक्षक नरेंद्र कुमार सहारे, चुम्मन लाल ध्रुव सहित अनेक पालकगण उपस्थित थे। लीलूदास मानिकपुरी ने पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

## विद्यार्थियों ने लिया पौधारोपण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



आदर्श विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। इस दिवस पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पीपल का पौधा रोपा गया। सभी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि अपने-अपने गांव के चौक चौराहों और तालाब के किनारे पौधे लगायेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती एम खान ने कहा कि यह पौधा हमारे भविष्य को सुरक्षित करेगा। वायु का शुद्ध होना सभी के जीवन के लिए लाभकारी है। आगे कहा कि माता-पिता, गुरु से ही ज्ञान मिलता है।

मौके पर राजेश पटेल, मोईन जाफर, जीवन नाहटा, छाया साहू, आरती नायक, ऐश्वर्या साहू, हेमलता साहू, काजल देवांगन, पूर्णिमा, प्रीति विश्वकर्मा, तनवीर फातमा, लीना साहू, खेमेश्वरी साहू, आरती चंदेल, गरिमा साहू, कीर्ति कश्यप, पूर्णिमा निर्मलकर उपस्थित थे।

आरईओ ने किसानों को औषधि पौधे लगाने के लिए किया प्रोत्साहित

## नवागांव की लखपति दीदियों को अरहर बीज का मिनीकिट वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद




छत्तीसगढ़ सरकार कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ उन्हें आर्थिक रूप से संबल बनाने के उद्देश्य से बीज अनुदान योजना के तहत महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को निःशुल्क दलहन-तिलहन बीज का मिनीकिट उपलब्ध करा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत नवागांव की लखपति दीदियों को अरहर बीज का मिनीकिट वितरित किया गया।

शनिवार को ग्राम पंचायत नवागांव (उ) में सरपंच टिकेश साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री निशा ध्रुव द्वारा लखपति दीदियों को अरहर बीज का मिनीकिट वितरित किया गया। इस दौरान सरपंच श्री साहू ने कहा कि दालों के मामले में आत्मनिर्भर होने की ठान चुकी सरकार खरीफ सीजन के लिए अपनी व्यापक तैयारियों को अंजाम दे रही है। दलहनी फसल की पैदावार और उसकी उत्पादकता बढ़ाने की रणनीति के तहत किसानों को उन्नत प्रजाति के बीजों का वितरण कर रही है।

उन्होंने कहा कि खेती में चूंकि महिलाओं की समान भागीदारी रहती है इसलिए सरकार ने महिला स्व सहायता से जुड़ी लखपति दीदियों पर भरोसा कर उन्हें दलहनी फसलो की उपज लेने प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आजीविका के अलावा कृषि से भी आमदनी प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। आरईओ सुश्री ध्रुव ने किसानों को फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, नेशनल मिशन अन्न एडिबल ऑयल जानकारी देकर औषधि पौधे लगाने प्रोत्साहित किया।

## कोसमर्रा स्कूल में हुआ पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शाउमावि कोसमर्रा में इको क्लब द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य चैतराम साहू, इको क्लब प्रभारी वासुदेव सोनबेर, सीमा सोनी, उत्तरा गंजीर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### रामपुर स्कूल में छात्रसंघ का हुआ चुनाव

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में छात्र संघ का चुनाव हुआ। सत्र 2025 के संचालन के लिए शाला नायक, उप शाला नायक, कक्षा नायक, उपकक्षा नायक, कोषाध्यक्ष, सचिव, अनुशासन सचिव, खेल सचिव, सांस्कृतिक सचिव, एको क्लब सचिव चुने गए। छात्र- छात्राओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### खरेंगा सोसाइटी में हुआ पौधारोपण



**धमतरी।** एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम के तहत खरेंगा सोसाइटी में पौधे रोपे गए। मौके पर सोसाइटी अध्यक्ष शेखन साहू, पूर्व डायरेक्टर विपणन संघ दयाराम साहू, पूर्व अध्यक्ष मोहन साहू, व्यवस्थापक भेदु साहू, लिपिक प्रेमलाल साहू, लिपिक पुष्कर सेन, कमलनारायण, जितेन्द्र साहू समेत पंचगण उपस्थित थे।

### सिलौटी स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस मना



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या के कारण उत्पन्न समस्याओं के प्रति छात्रों एवं समुदाय को जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा जनसंख्या वृद्धि, पर्यावरणीय असंतुलन, संसाधनों की कमी तथा परिवार नियोजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता संस्था प्रमुख बी. पदमा राजेश ने अपने संबोधन में कहा कि जनसंख्या नियंत्रण न केवल सामाजिक अवश्यकता है बल्कि यह सतत विकास और संसाधन के उचित वितरण के लिए भी अनिवार्य है। कार्यक्रम का संचालन चम्पेश्वर साहू ने किया।

### बीमारियों से बचने मच्छरदानी का करें उपयोग : पाण्डे

**जगदलपुर।** मच्छरदानी का वितरण सरकार की महती योजना है। इसका उद्देश्य सिर्फ मच्छरदानी का वितरण किया जाना नहीं है बल्कि स्वास्थ्य के प्रति सुरक्षा व जागरुकता है।

# कमार समाज को मुख्यधारा से जोड़ने की अभिनव पहल : नेतामम

- कृषि मंत्री ने मसानडबरा में कमार जनजाति के लिए जिपं अध्यक्ष द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताया देश में अद्वितीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम 12 जुलाई को ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित ग्राम मसानडबरा पहुंचे। यह दौरा उन्होंने जिज्ञासावश किया, किंतु वहां पहुंचकर उन्होंने जो कुछ देखा, उससे वे अभिभूत हो उठे। उन्होंने कहा कि देशभर में कहीं भी कमार जनजाति के जीवन स्तर को सुधारने के लिए इतने व्यापक और सार्थक कार्य नहीं हो रहे, जितने मसानडबरा में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा के नेतृत्व में हो रहे हैं।

श्री नेताम ने मसानडबरा में कमार जनजाति परिवारों के लिए बनाए जा रहे सर्वसुविधायुक्त पक्के आवासों का अवलोकन किया। उन्होंने न केवल निर्माण की गुणवत्ता को सराहा, बल्कि इस संवेदनशील और उपेक्षित समुदाय के प्रति श्री सार्वा की प्रतिबद्धता और सेवा भावना को भी असाधारण बताया। कृषि मंत्री ने विशेष रूप से इस बात की प्रशंसा की कि श्री सार्वा ने कमार जनजाति के



परिवारों के लिए आवासीय सुविधा का जो योजनाबद्ध और धरातलीय कार्य किए हैं, वह आने वाले समय में पूरे प्रदेश और देश के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकता है। उन्होंने ग्राम सांकरा क्षेत्र में अरुण सार्वा द्वारा की जा रही मखाना की खेती के नवाचार को भी सराहा और कहा कि विविध फसलों की खेती से जहां ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी, वहीं कमार समाज को आजीविका का स्थायी साधन भी प्राप्त होगा। श्री नेताम ने श्री सार्वा से आग्रह किया कि वे कमार जनजाति के समग्र विकास के लिए निर्माण, आजीविका, शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य के क्षेत्र में चल रहे और प्रस्तावित कार्यों की एक समेकित परियोजना (प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तत्काल तैयार कर राज्य शासन को भेजें, ताकि तत्काल प्रभाव से राशि स्वीकृत कर इस कार्य को और भी गति दी जा सके। कृषि मंत्री ने कहा कि कि अरुण सार्वा जैसे जनप्रतिनिधि अगर प्रत्येक जिले में हों, तो छत्तीसगढ़ की छवि देश में जनजातीय कल्याण के मॉडल राज्य के रूप में स्थापित हो सकती है। यह दौरा सिर्फ एक औपचारिकता नहीं था, बल्कि एक प्रेरणा बन गया जहां एक मंत्री ने एक जनप्रतिनिधि की सराहना खुले मंच पर की और उसे आगे के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। श्री सार्वा आज मसानडबरा में सिर्फ ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं करा रहे, वे एक जनजाति के भविष्य की नींव रख रहे हैं।

### आंगनबाड़ी केन्द्र में व्यवस्थाओं को देखा, बच्चों से बातचीत की, मिठाई भी बांटी

# पीपराहीभर्री में बने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का संयुक्त सचिव ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने वनांचल नगरी के पीपराहीभर्री में बाला कॉन्सेप्ट के तहत बने मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में व्यवस्थाओं को देखा और बच्चों से बातचीत भी की।श्रीमती शर्मा ने बच्चों को अपने हाथों से मिठाई भी खिलाई। संयुक्त सचिव श्रीमती शर्मा ने बच्चों से दीवार पर बने रंग-बिरंगे चित्र, गिनती, फल-फूलों के नाम आदि पूछे, जिसका जवाब बच्चों ने बखूबी दिया।

गौरतलब है कि बाला कॉन्सेप्ट के



तहत यह आंगनबाड़ी भवन 11.69 लाख रूपये की लागत से बनाया गया है। श्रीमती शर्मा ने आंगनबाड़ी के बच्चों को गरम पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने, बच्चों की कुपोषण स्तर जांचने, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने आदि के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने पीपराहीभर्री से मेनरोड तक बन रही पक्की सड़क का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से कमार बसाहट में रहने वालों को आने-जाने की बेहतर सुविधा मिल पाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुरू की महत्ता पर प्रकाश डाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कबीर आश्रम पोटियाडीह में गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के लगभग बीस जिलों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आश्रम के महंत संत त्रिलोकी दास एवं अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी किरण ने गुरू की महत्ता पर प्रकाश डाला। श्रीमती किरण ने कहा कि गुरू की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरू और ईश्वर में सबसे पहले हमें गुरू को ही प्रणाम करना चाहिए। क्योंकि गुरू ही है जो हमें अज्ञानता के अंधेरे से निकालकर हमारे जीवन में प्रकाश भरता है और हमें ईश्वर से साक्षात्कार करने का मौका देता है।

## गौरव, प्रज्ञा ने छात्रों को कॉपियां बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

आज शिक्षा को हर बच्चे तक पहुंचाने की हमारी जिम्मेदारी बन गई है। ऐसे में गौरव एवं प्रज्ञा बंगानी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने जरूरतमंद और गरीब बच्चों को अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर कॉपियां वितरित कर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया साथ ही समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया कि हर छोटा प्रयास किसी के भविष्य को संवार सकता है।



## ब्राम्हण समाज की महिलाओं ने किया दूध बेलपत्र, पुष्प से भगवान शिव का रुद्राभिषेक



**धमतरी।** श्रीराम जानकी मठ मंदिर में धमतरी ब्राम्हण समाज महिला शाखा द्वारा भगवान शिव की कृपा प्राप्ति हेतु पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक, अनुष्ठान किया गया।

वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। श्रद्धालुजनों ने दूध, दही, घी, मधु, शुद्ध जल, बेलपत्र, भस्म और पुष्प से भगवान शिव की पूजन-अर्चना कर लोक कल्याण की कामना की।

धार्मिक आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन तथा शिव स्तुति से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिला शाखा की सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने विशेष सहयोग किया । सवा लाख बत्ती (लखहर बाती) के साथ विशेष महाआरती की। यह आयोजन श्रावण मास की महत्ता को दर्शाते हुए शिव भक्ति की ओर समाज को प्रेरित करने वाला रहा। रुद्राभिषेक पूजन पंडित नरेश दीवान, चिराग दीवान, पुजारी हनुवंश वैष्णव ने कराया। मौके पर ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष राकेश दीवान, तहसील अध्यक्ष सूरज तिवारी, वरिष्ठ गोपाल शर्मा, आचार्य महेश शास्त्री, रोहिताश मिश्रा, यश दुबे, महिला शाखा जिलाध्यक्ष श्रीमती पूजा मिश्रा, अर्चना पाण्डेय, सरिता दीवान, नलिनी मिश्रा, मीनाक्षी मिश्रा, गीता पांडे, संजू मिश्रा, सविता पांडे, आभा वैष्णव, शिल्पा शर्मा, स्वाति पांडे, क्षमा मिश्रा, पूर्णिमा मिश्रा, डॉली मिश्रा, गीता पांडे, सरिता शर्मा, गौरी मिश्रा, उर्मिला पांडे, अर्चना पांडे, प्रीति तिवारी, रंजु दीवान, मालती शर्मा, हेमा दुबे, शताक्षी दीवान प्रार्थना पांडे, गौरी चौबे, पदमा देवी शर्मा मौजूद थे।

## जिले के 133 हितग्राही करेंगे अयोध्याधाम की यात्रा



- रामलला दर्शन योजना - जिला स्तरीय समिति की बैठक में लॉटरी से निकाली गई पर्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छग शासन की महती श्री रामलला दर्शन योजना (अयोध्याधाम) के तहत धमतरी जिले से 15 से 18 जुलाई तक यात्रा कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक रखी गई। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्री रामलला दर्शन योजना रामकुमार कृपाल ने बताया कि जिला स्तरीय समिति की बैठक में धमतरी शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से कुल 550 आवेदन मिले। प्राप्त आवेदनों को लॉटरी के माध्यम से पर्ची निकालकर चयन किया गया। इस दौरान कुल 133 हितग्राही श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन की यात्रा के लिए चयनित हुए। इनमें ग्रामीण क्षेत्र से 96 श्रद्धालु और 4 अनुरक्षक तथा नगरीय निकाय क्षेत्र से 28 श्रद्धालु और 5 अनुरक्षक शामिल हैं। इसके साथ ही नगरीय निकाय से 5 और ग्रामीण क्षेत्र से 10 आवेदकों का चयन कर प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

## भारतीय संस्कृति में हमेशा ही गुरु का स्थान सर्वोपरि रहा : नीलकंठ



- भोथली स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी

शासकीय माध्यमिक शाला भोथली में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। छात्रों द्वारा विभिन्न गीत , कविता प्रस्तुत किया गया और अपने गुरुजनों का तिलक वंदन कर स्वागत किया। श्रीमती सरिता साहू शिक्षिका ने छात्रों को भारतीय परंपरा में गुरु पूर्णिमा पर्व का महत्व बताया। आगे कहा कि गुरु हमें हमेशा जीवन के सही मार्ग में चलने की शिक्षा देते हैं और आज हम इस जगह पर हैं। यह हमारे गुरु का ही आशीर्वाद है। गुरु के बिना हमें सही ज्ञान नहीं मिल पाता है। गुरु ही हमें सही और गलत का अंतर बताते हैं। श्रीमती संतोषी साहू ने कहा कि हमारा प्रथम गुरु हमें जन्म देने वाले माता-पिता हैं। हमेशा अपने माता-पिता का सम्मान करें। सत्यप्रकाश सिन्हा ने भी गुरु पूर्णिमा के महत्व से बच्चों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन नीलकंठ बनपेला ने करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में हमेशा ही गुरु का स्थान सर्वोपरि रहा है। गुरु कभी भी अपने किसी शिष्य का बुरा हो ऐसा नहीं सोचता है। वह अपने शिष्य को हमेशा सही राह चलने की प्रेरणा देता है।

## गुरु पूर्णिमा पर दानीटोला वार्ड में हुआ पौधारोपण




**धमतरी।** गुरु पूर्णिमा पर दानीटोला वार्ड में वृहद पौधरोपण एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ हुआ। प्रज्ञा मंडल के परिजन बिसुराम साहू, खोरबाहरिन साहू द्वारा देववृक्ष बरगद का रोपण किया गया। मंडल के सदस्यों द्वारा दस स्थानों पर फलदार, फूलदार, छायादार पौधे रोपे गए। गुरु पर्व पर एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का सामूहिक आयोजन हुआ। इस आयोजन में मुरली प्रसाद साहू, बंशीलाल साहू, थानसिंह साहू, काशीराम साहू, श्यामलाल साहू, जगतराम साहू, अज्जू देशलहरे वार्ड पार्षद, संजय देवांगन पार्षद जालमपुर वार्ड, गंगाराम देशलहरे, रामस्वरूप साहू मीना साहू, शीला निषाद समेत अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मैकूराम निषाद जिला संगठन प्रभारी गायत्री शक्तिपीठ धमतरी ने किया। सभी ने आत्म कल्याण, विश्व कल्याण के लिए यज्ञ में आहुति समर्पित की।

### बिहान की महिलाओं के काम को और बेहतर बनाने नवाचार अपनाना होगा : स्वाति

# सपनों से समृद्धि लखपति दीदी की उड़ान, नामक पुस्तिका का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा कुरूद विकासखंड के ग्राम चर्रा पहुंचीं। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के साथ बैठककर उनके कार्यों की जानकारी ली और उन्हें प्रोत्साहित किया। श्रीमती शर्मा ने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और एक-दूसरे से सीखकर सामूहिक रूप से आगे बढ़ें। उन्होंने महिलाओं से कहा कि उनके कार्यों को और बेहतर बनाने के लिए नवाचार और तकनीकी सहायता को अपनाना होगा। श्रीमती शर्मा ने समूह की प्रत्येक महिला से उनके कार्यों की जानकारी ली और सुझाव



भी आमंत्रित किए।

उन्होंने कहा कि जिले की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार कोसा उत्पादन यहां की विशिष्टता है और इसे मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि सीआईएफ के तहत समूहों को बड़ा ऋण मिल सकता है, जिसमें तकनीकी मार्गदर्शन अनिवार्य रूप से लिया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय जानकारी रखने वाली महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा सकता है। साथ ही स्थानीय व्यंजनों के माध्यम से कुकिंग आधारित आय भी अर्जित की जा सकती है।

इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि जिला प्रशासन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुआयामी प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि सभी विभागों को समन्वित कर महिलाओं को फर्मा सेक्टर में औषधीय पौधों की खेती हेतु एक-एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा जिले की महिलाओं द्वारा प्लांटेशन, हॉर्टीकल्चर, पोल्ट्री, साड़ी निर्माण, रेडिमेड कपड़े, दूध संग्रहण, ड्रोन ऑपरेशन, एलईडी निर्माण, केयर टेकर, पशु चिकित्सा एआई एवं वैक्सीनेशन जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, जिन्हें अब बड़े स्तर पर विस्तार दिया जा रहा है। 362 सहकारी समितियों का ऑडिट सीए के माध्यम से कराया जा रहा है और जिले की 10 दीदियों को ऑडिट प्रशिक्षण भी दिया गया है। दुर्गम क्षेत्रों की महिलाओं को ई-रिक्शा भी ऋण पर प्रदान किया गया है। शीघ्र ही जिले में एक बड़ी कंपनी द्वारा महिलाओं को सोलर पैनल रिपेयरिंग और एलईडी निर्माण का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सभी आवश्यक संसाधन और योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने जिले में लखपति दीदियों द्वारा किये जा रहे विशेष कार्यों एवं दीदियों के जीवन में आने वाले बदलावों पर भी जानकारी दी। इस अवसर पर अधिकारियों ने सपनों से समृद्धि लखपति दीदी की उड़ान नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया।

## बीईओ तिवारी को स्टाफ ने दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अमित तिवारी का स्थानांतरण कार्यालय बीईओ धरसींवा जिला रायपुर में हुआ है। स्थानांतरण होने पर श्री तिवारी को कार्यालयीन स्टाफ और शिक्षकों ने भावपूर्ण विदाई दी ।

राज्य शासन के स्थानांतरण आदेश के अनुसार अमित तिवारी जिला कार्यालय से 11 जुलाई को कार्यमुक्त हुए हैं। धमतरी से कार्यमुक्त होने पर कार्यालयीन स्टाफ और शिक्षकों द्वारा बीईओ कार्यालय में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी ने बीईओ अमित तिवारी को बुके और मोमेन्टो भेंट किया। नवीन पदस्थापना कार्यालय में नियुक्ति के लिए शुभकामना देकर विदा किया। बीईओ कार्यालय धमतरी में अमित तिवारी के स्थान पर जिला कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक लीलाधर चौधरी नए बीईओ के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। विदाई कार्यक्रम में एबीईओ कमलेश कुमार ध्रुव, प्राचार्य अनिमा ध्रुव, मुख्य लिपिक सीपी नेताम, लोकेश बाघमार, संतोष कुमार ध्रुव, मीनाक्षी देवांगन, हेमंतगिरी गोस्वामी, प्रवीण वैद्य, विजेता रकटाटे, मीनाक्षी पवार, दिव्या ध्रुव, रूपेन्द्र नेताम, अनिल साहू, लोखेश्वर जाधव, दीप्ति चतुर्वेदी, दीपक शर्मा, कुलेश्वर दाउ, हेमन्त कुमार सोनकर, महेश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### मंत्री रामविचार से महापौर ने कृषि समस्याओं पर चर्चा की

**धमतरी।** धमतरी आगमन पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम का नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान महापौर ने जिले की जमीनी हालात खासकर कृषि क्षेत्र की समस्याओं और संभावनाओं को लेकर मंत्री से चर्चा की।

### डबल इंजन की सरकार में छग की जनता गरीबी रेखा के नीचे : नवीन



**धमतरी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर क्रमांक 2 के नवीन गजेंद्र ने बताया कि छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ की आबादी में से 39.93 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। यह खुलासा नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट में हुआ है। इस आंकड़े के साथ छत्तीसगढ़ देशभर में गरीबी के मामले में सबसे शीर्ष पर है, जो राज्य की भाजपा सरकार की विफलताओं का जीवंत प्रमाण है। नीति आयोग की इस रिपोर्ट ने छत्तीसगढ़ की बदहाल स्थिति को उजागर किया है, जहां गरीबी का स्तर न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह भी साबित करता है कि शासन की नीतियां और योजनाएं जनता तक नहीं पहुंच पा रही हैं। छग की स्थिति देश में सबसे खराब होना शर्मनाक है। महाराष्ट्र, उप्र जैसे बड़े राज्य जो जनसंख्या और भू-भाग में छग से कहीं बड़े हैं, उनकी स्थिति हमसे बेहतर है।

### जैन मुनियों का प्रवचन सुनने समाजजनों की भीड़ उमड़ रही

# शरीर में सुख-दुख की अनुभूति खोजने वाला अज्ञानी होता है : प्रशम सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





इतवारी बाजार स्थित पार्श्वनाथ जिनालय में जैन मुनियों का प्रवचन सुनने समाजजनों की भीड़ उमड़ रही है। समाजजनों को संबोधित करते हुए प्रशम सागर मसा ने कहा कि आज हमें जीवन के रहस्य को जानना और समझना है कि मैं कौन हूं। वास्तव में जिस हाड़ मांस के शरीर को अपना मानते हैं, क्या वह सच में मेरा है। परमात्मा कहते हैं शरीर में सुख और दुख की अनुभूति खोजने वाला अज्ञानी होता है जबकि आत्मा में सुख-दुख खोजने वाला ज्ञानी होता है। हम हर भव में पाप करते आए हैं। पाप का फल दुर्गति, दुख और अशांति के रूप में आने वाले भव में प्राप्त होता है।

उन्होंने आगे कहा कि हमें विचार करना है कि क्या हमने पाप कार्य छोड़ दिया है। अगर नहीं छोड़ा है तो चिंतन कीजिए । आने वाले वाले भव में उस पाप कर्म का कैसा फल मिलेगा। पाप को छोड़ना बहुत सरल है लेकिन आवश्यकता है उचित पुरुषार्थ करने की। ज्ञानियों का कहना है कि सुख-दुख का कारण इच्छा है। इच्छा होती है और वह पूरी नहीं हो तो वह दुख का कारण बन जाता है। किंतु अगर इच्छाओं को कम कर लें या रोक लें तो उसके पूरी होने या न होने का प्रश्न ही नहीं होगा अर्थात दुख ही नहीं होगा। आगे कहा कि जहां से दुख की उत्पत्ति होती है और वहीं से सुख की उत्पत्ति होती है। अर्थात सुख और दुख दोनों अंदर से आता है।

उन्होंने आगे कहा कि हम जीवन में दो प्रकार का कार्य कर सकते हैं। भोग और योग का। भोग के लिए तन, धन और स्वजन तीनों की जरूरत होती है। तीनों में से एक की कमी हो जाए तो भोग संभव नहीं है और भोग का मार्ग आत्मा के पतन का मार्ग है। जबकि योग के लिए हमें सदगुरु की जरूरत होती है जो आत्मा का साक्षात्कार करा सके। वास्तव में शरीर से ज्ञान नहीं होता अर्थात ज्ञान का केंद्र शरीर नहीं आत्मा होता है। आत्मा की तरह ज्ञान भी शाश्वत है। किसी भी भव में जीव के आयु की समाप्ति के साथ ही शरीर भी समाप्त हो जाता है। किंतु आत्मा कभी नहीं बदलती।

# रोपित पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प

## साहू समाज ने हटकेशर वार्ड के मुक्तिधाम में रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

साहू समाज धमतरी द्वारा पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण के उद्देश्य से हटकेशर वार्ड के मुक्तिधाम में बेल, चीकू, चंदन, चंपा, आंवला, बादाम, पलाश, गुलमोहर, आम, नीम, पीपल जैसे छायादार, फलदार, फूलदार एवं औषधि पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, महासचिव यशवंत कुमार साहू, उपाध्यक्ष तोरण साहू, केकती साहू, संगठन सचिव गोपीकिशन साहू, तहसील साहू समाज शहर अध्यक्ष रोहित कुमार साहू, उपाध्यक्ष चंद्रभागा साहू, जानकी साहू, सचिव रामकुमार साहू, हटकेशर परिक्षेत्र के संरक्षक लक्ष्मण साहू, खरतुली परिक्षेत्र अध्यक्ष ललित चौधरी, केवल साहू, सेवक साहू, जालमपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेंद्र साहू, हटकेशर परिक्षेत्र अध्यक्ष नीलमणि साहू, हटकेशर वार्ड अध्यक्ष महेश साहू, मुकेश साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। सभी सदस्यों ने रोपित पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

# मुजगहन, परेवाडीह को मिली पानी टैंकर की सौगात

- सम्बलपुर स्कूल के छात्र-छात्राओं के पेयजल के लिए पूर्व जिपं उपाध्यक्ष ने दिया वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने 15 वें वित्त आयोग जिला पंचायत विकास कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के तहत ग्राम पंचायत मुजगहन और परेवाडीह को जल प्रदाय हेतु एक-एक पानी टैंकर प्रदान किया। पूजा-अर्चना के बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर में छात्र-छात्राओं के पेयजल हेतु वाटरकूलर प्रदान किया।

मुजगहन सरपंच होमेश्वर साहू ने बताया कि गांव में पानी टैंकर के अभाव से विवाह सहित अन्य कार्यक्रम में लोगों को परेशानी हो रही थी। अब टैंकर उपलब्ध हो जाने से समस्याओं का समाधान हो जाएगा। परेवाडीह की पूर्व सरपंच टिलेश्वरी साहू ने कहा कि पानी टैंकर के अभाव में परेशानी होती थी। श्री चन्द्राकर से पानी टैंकर की मांग की गई थी। अब जल आपूर्ति कराने में सहूलियत होगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री चन्द्राकर ने बताया कि पंचायतों में टैंकर एवं स्कूल में वाटर कूलर की मांग पुरानी थी जिसे जिला पंचायत विकास कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के तहत प्रदान किया गया। मौके पर मुजगहन सरपंच होमेश्वर साहू, परेवाडीह के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि देवेन्द्र साहू, पूर्व सरपंच मुजगहन चन्द्रशेखर साहू, समाजसेवी सतीश चंद्राकर, उपसरपंच परेवाडीह दिनेश साहू, उपसरपंच मुजगहन जतिन साहू, सिद्धिक खान, रामकृष्ण महंती, ललित यादव, नेत्रप्रकाश जोशी, टुम्मन साहू, चंपालाल साहू, परमानंद साहू, लीलेश्वर साहू, बलराम साहू, लीलेश साहू, चंदू ध्रुव, सुशील ध्रुव, प्रेमा यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# गुरु पूर्णिमा पर पूर्व विधायक ने मुनि योगवर्धन सागर से लिया आशीर्वाद

- शिष्य के व्यक्तित्व को संस्कार, सेवा और सत्य की भावना से गढ़ते हैं गुरु : रंजना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गुरु पूर्णिमा पर पूर्व विधायक रंजना साहू ने पार्श्वनाथ जिनालय में चातुर्मास पर पहुंचे गुरु योगवर्धन सागर मसा से मिलकर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन लिया। उनके साथ भाजपा नेता प्रकाश गोलछा एवं नीरज नाहर भी थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरुजनों का विशेष स्थान है। गुरु पूर्णिमा गुरु के महत्व को प्रतिपादित करने का विशेष अवसर है। गुरु शिष्य की परंपरा के अनेक उदाहरण भारतीय संस्कृति व इतिहास में मिलते हैं। गुरु, शिष्य के व्यक्तित्व को संस्कार, सेवा और सत्य की भावना से गढ़ते हैं। भारत की सनातन परंपरा में गुरु-शिष्य परंपरा अत्यंत महत्वपूर्ण रही है । यह संस्कृति ही हमारे समाज का मूल आधार है। आगे कहा कि देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का व्यापक रूप से जागरण हो रहा है। गुरु पूर्णिमा का पर्व आत्मिक शुद्धि और आस्था का पर्व है।

# गायत्री शक्तिपीठ कुरुद में प्रखर प्रज्ञा एवं सजल श्रध्दा की स्थापना

## गुरु पूर्णिमा पर गायत्री परिवार ने आयोजित किया कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गायत्री परिवार कुरुद के भावना शील परिजनों द्वारा गुरु पूर्णिमा पर अपने गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा, सम्मान, विश्वास और समर्पण के साथ सदगुरु आचार्य श्रीराम शर्मा के स्वरूप प्रखर प्रज्ञा एवं सजल श्रध्दा की गायत्री शक्तिपीठ परिसर में स्थापना की गई। वरिष्ठ आचार्य बंशीलाल यदु ने बताया कि गुरु व्यक्ति नहीं एक शक्ति है जो अपने शिष्य के जीवन के अज्ञानता रुपी अंधकार को हटाकर उसके जीवन में प्रकाश रुपी खुशहाली लाता है। इस दौरान चार सौ हस्तलिखित गायत्री मंत्र पुस्तिका भी स्थापित की गई।

जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि अपने सदगुरु के प्रति श्रद्धा और विश्वास मानव जीवन को सफल बनाने के साथ नई ऊंचाईयों को प्रदान करता है। प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती साधना देवांगन ने बताया कि गुरुदेव का स्मारक बनाने में परिजनों ने तन मन धन से सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर तीन कुण्डीय यज्ञ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन शांतिलाल साहू एवं आभार प्रदर्शन प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती साधना देवांगन ने किया। कार्यक्रम में चेतन साहू, सूरज लांबा, कार्तिकराम साहू, शत्रुघ्न साहू, नंदकुमार साहू, टेकराम साहू, गोविंद साहू, देवसिंग साहू, संतोष साहू, तातूराम धीवर, कृष्ण कुमार साहू, मौजीराम साहू, ममता चंद्राकर, रेखा कमलवंशी, कविता डड़सेना, डॉ. रामचंद्र मेश्राम, प्रदीप देवांगन, उगेश बंसोर, मोहन गंजीर सहित अन्य मौजूद थे।

# शिक्षक साझा मंच करेगा 18 को जिला कार्यालय का घेराव



**धमतरी।** शिक्षक साझा मंच के संचालक डॉ. भूषणलाल चंद्राकर, अमित कुमार महोबे, दिनेश कुमार पांडे एवं दौलतराम ध्रुव ने बताया कि शिक्षकों की युक्तियुक्तिकरण प्रक्रिया में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी, मगरलोड, नगरी एवं कुरुद द्वारा की गई विभिन्न त्रुटियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए संभाग आयुक्त रायपुर से शिकायत कर जांच की मांग की थी। इस पर संभाग आयुक्त द्वारा 16 जून को कलेक्टर को तीन दिवस के अंदर जांच कर समुचित कार्यवाही करने पत्र जारी किया गया किंतु आजपर्यंत किसी भी दोषी अधिकारी पर कार्रवाई न हुई। लिखित में दी गई समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। युक्तियुक्तिकरण से प्रभावित शिक्षक न्यायालय से आदेश लाये हैं, उसका भी निराकरण नहीं किया गया है। मंच ने आगे कहा कि तीनों विषय का निराकरण एक सप्ताह के अंदर न होने पर 18 जुलाई को जिला कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सोनमर्ग, पहलगांव
10 दिन
14 अगस्त, 7 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 20 दिसंबर 2025
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 26,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर से मिलिए
15 जुलाई दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
16 जुलाई दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
समय : सुबह 10:00 से 3 बजे तक
शुगर के खतरे से बचे होम्योपैथी दवा द्वारा उपचार
शुगर के कारण सुस्ती कमजोरी थकान, भूख कम लगना
- अर्थराइटिस / (जोड़ो पद दर्द) न्यूरोपैथी (नशों में दर्द)
- L4-L5 नशों में दबाव के कारण अकड़न, चलने पर दर्द, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान।
- घुटना दर्द - घुटने में सूजन, कट- कट की आवाज, बैठकर उठने, चलने पर दर्द होना, हड्डी में गैफ, लिक्विड़ कम होना।
- मूत्र एवं किडनी रोग - (पेशाब नली की सिकुड़न, प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना, UTI बार-बार इंफेक्शन) मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, धार कमजोर, ऐसा लगता है, पेशाब बचा है और बार-बार जाना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, कपड़े पर लिकेज होना। शुगर के कारण पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना, यौन कमजोरी (Erectile Dysfunction) शुक्राणु की कमी।
- विशेष चिकित्सा - फंगल इन्फेक्शन, खुजली, सफेद दाग
FATTY LIVER - भूख कम लगना, गैस, पेटफूलना, पेट साफ न होना।
पाईल्स, भगन्दर, फिशर (गुदामार्ग पर जलन, दर्द, मवाद आना।)
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग के विद्वान पंडितों के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी 97633-98719
9993157703, 9589261876

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे, कर्मा चौक धमतरी, मो.नं. 98264-32896

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
| --- | --- |
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

- दवाई मिलने का स्थान -
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज